# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा–माध्य/गुण. तथा प्रशि. अनु./MSRA/61186/2024–25 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

**समस्त सम्भागीय संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा।**

विषय :– **मिशन–पढ़ो राजस्थान** के अंतर्गत दिनांक : 29 जुलाई, 2026 को आयोजित **रीड–ए–थॉन** के सफल आयोजन के संबंध में।

प्रसंग :– राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के पत्र दिनांक : 27.07.2026 राजकाज रेफ नं. 23517262

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्रानुसार लेख है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की अनुशंसाओं के अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2026–27 तक प्रारम्भिक कक्षाओं के समस्त विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का विकास करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु निपुण भारत मिशन संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में अपेक्षित अधिगम दक्षताओं का विकास सुनिश्चित किया जाना है।

इस क्रम में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों में पठन संस्कृति को विकसित करने तथा नियमित अध्ययन की अभिरुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से **"मिशन–पढ़ो राजस्थान"** के अंतर्गत **रीड–ए–थॉन** का शुभारम्भ माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में दिनांक : 29 जुलाई, 2026 (गुरु पूर्णिमा) के पावन अवसर पर **रीड–ए–थॉन** गतिविधि के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर प्रातः 11:00 बजे से 11:30 बजे तक राज्य के समस्त राजकीय विद्यालयों में सामूहिक पठन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थी, शिक्षक, कार्मिक, अभिभावक, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जानी है।

"मिशन–पढ़ो राजस्थान" के प्रमुख उद्देश्य निम्नानुसार हैं–

1. विद्यार्थियों में पढ़ने की रूचि और आदत विकसित करना।
2. विद्यार्थियों में कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता, चिंतन एवं तर्क क्षमता बढ़ाने के अवसर उपलब्ध करवाना।
3. विद्यार्थियों में धाराप्रवाह पठन और पढ़कर समझना के कौशल विकसित करना।
4. विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना।

उल्लिखितानुसार प्रासंगिक पत्र की प्रति संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार में उक्तानुसार वांछित दिशा–निर्देश जारी कर संबंधित गतिविधि का व्यापक एवं प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करते हुए विद्यालयों के आयोजन के पश्चात् **संबंधित शालादर्पण मॉड्यूल में दोपहर 04:00 बजे तक सहभागिता अनिवार्य रूप से दर्ज करवाया जाना सुनिश्चित करें**।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।**

**संलग्न : यथोक्त।**

**(डॉ0 राम गोपाल शर्मा)**
जिला शिक्षा अधिकारी
(गुणवत्ता एवं नवाचार)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त तथा राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, राजस्थान [illegible] परिषद्, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में। (जरिये ई–मेल)

Signature Not Verified
Digitally signed by Ram Gopal Sharma
Designation : District Education Officer
Date: 2026.07.28 18:47:55 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23672387
M e-Sign

3. निजी सचिव, शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
4. निजी सहायक, निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
5. निजी सहायक, निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर। (जरिये ई–मेल)
6. तकनीकी निदेशक, NIC, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
7. उपनिदेशक शालादर्पण जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपर्यक्तानुसार मॉड्यूल निर्माण की आवश्यक कार्यवाही करवाते हुए ब्लॉक, जिला, संभाग व राज्य स्तरीय लॉगिन पर रिपोर्ट उपलब्ध करवाने तथा इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करावें। (जरिये ई–मेल)
8. निजी सचिव/स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा। (जरिये ई–मेल)
9. सहायक निदेशक, पीएसपी/मॉनिटरिंग/माध्यमिक/शालादर्पण/वीआईपी/सतर्कता अनुभाग, कार्यालय हाजा। (जरिये–ईमेल)
10. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण, प्रभावी प्रबोधन एवं प्रासंगिक पत्र में वर्णित गूगल फॉर्म पर समस्त अधिकारियों से प्रविष्टि की मॉनिटरिंग बाबत। (जरिये–ईमेल)
11. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा। (जरिये–ईमेल)
12. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा। (जरिये–ईमेल)
13. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी
(गुणवत्ता एवं नवाचार)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

RajKaj Ref No.: 23672387
M e-Sign

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Gopal Sharma
Designation : District Education Officer
Date: 2026.07.28 18:47:55 IST
Reason: Approved

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

**मुख्य भवन ब्लॉक–5**

**उपायुक्त (प्रशिक्षण एवं क्वालिटी) कार्यालय–मुख्य भवन ब्लॉक–6, प्रथम तल,**

**डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर**

फोन –0141–2706069 rajssaquality@gmail.com


क्रमांकः–रा.स्कू.शि.प. / जय / गुणवत्ता / RPW/00184/2026 दिनांकः यथाहस्ताक्षर

निदेशक,
माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा,
निदेशालय बीकानेर।

विषय : दिनांक 29 जुलाई 2026 को "Mission- Padho Rajasthan"के आयोजन के सफल संचालन के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंषा के अनुसार प्रारम्भिक कक्षाओं में वर्ष 2026–27 तक बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (FLN)को प्राप्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निपुण भारत मिशन की शुरूआत की गई है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से विद्यार्थियों में सीखने की दक्षताओं का विकास किया जाना है, जिससे 2026–27 तक प्रत्येक विद्यार्थी वांछित दक्षताओं को प्राप्त कर सकें। इसी दिशा में प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 1–8 के विद्यार्थियों की पठन कौशल के विकास हेतु "Mission- Padho Rajasthan"के तहत Reading Promotion Campaign का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 29 जुलाई 2026 को गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर Read A Thonगतिविधि के माध्यम से किया जायेगा। शुभारंभ के अवसर पर प्रातः 11.00 से 11.30 तक समस्त राजकीय विद्यालयों में सामुहिक पठन गतिविधि का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों द्वारा भाग लिया जाना है।

"Mission- Padho Rajasthan"कार्यक्रम के मुख्य उदेद्श्य निम्नानुसार है–

1. विद्यार्थियों में पढ़ने की रूचि और आदत विकसित करना।
2. विद्यार्थियों में कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता, चिंतन एवं तर्क क्षमता बढ़ाने के अवसर उपलब्ध करवाना।
3. विद्यार्थियों में धाराप्रवाह पठन और पढ़कर समझना के कौशल विकसित करना।
4. विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना।

"Mission- Padho Rajasthan"कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के लिये निदेशालय स्तर से आवश्यक निर्देश जारी करावें। साथ ही Read A Thonगतिविधि को वृहद स्तर पर आयोजित किया जाना है। अतः विद्यालयों में विद्यार्थियों, शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाये। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विद्यालयों के अवलोकन हेतु अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करें कि विद्यालयों का अवलोकन कर आवश्यक संबलन प्रदान करते हुए अवलोकन के समय https://forms.gle/r8BFWW44VQsgfH7bAलिंक पर अनिवार्य रूप से सूचनायें दर्ज करावें।

**(डॉ. रश्मि शर्मा)**
**राज्य परियोजना निदेशक एवं**
**आयुक्त**

क्रमांकः–रा.स्कू.शि.प. / जय / गुणवत्ता / RPW /00184/2026–27 / दिनांकः यथाहस्ताक्षर

**प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निदेशक, संस्कृत शिक्षा विभाग, शिक्षा संकुल, जयपुर।
3. अति. राज्य परियोजना निदेशक, द्वितीय, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

Signature Not Verified

Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.07.27 15:42:03 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23517262

M e-Sign